कार्यालय – जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मेरठ।

पत्रांक/एम0डी0एम0/ /2009–10/दिनॉक :

विज्ञप्ति (प्रारूप)

दिनॉक–09.04.2008 को प्रकाशित विज्ञप्ति के आधार पर हुए साक्षात्कार को निरस्त करते हुए एम0डी0एम0 सैल के गठन हेतु जिला एवं मण्डल कार्यालय में निम्नाकिंत विवरण के अनुसार योग्य एवं अर्ह अभ्यर्थियों को 1 वर्ष के लिये संविदा पर रखे जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

1. पद का नाम : समन्वयक (मध्यान्ह भोजन)
पदों की संख्या : 02 (दो) (जिला कार्यालय हेतु 01 पद एवं मण्डलीय कार्यालय हेतु 01 पद)
आरक्षण : अनारक्षित।

आयु – न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 35 वर्ष तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति के सदस्यों को आयु सीमा में शासन द्वारा अनुमन्य सीमा तक छूट होगी।

न्यूनतम शैक्षिक योग्यता – न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक सहित स्नातक उपाधि।

कार्य अनुभव –

1. स्नातक उपाधि के साथ किसी पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित संस्था/एन0जी0ओ0/सामाजिक संस्था, में कार्य करने का न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव।
2. स्नातकोत्तर उपाधि के साथ किसी पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित संस्था/एन0जी0ओ0/सामाजिक संस्था में कार्य करने का न्यूनतम 01 वर्ष का अनुभव।

प्रथम वरीयता – एम0बी0ए0 उपाधिधारी।

द्वितीय वरीयता – कम से कम 55 प्रतिशत अंको के साथ स्नातकोत्तर उपाधि।

विशेष – आवेदक को कम्प्यूटर संचालन का ज्ञान होना चाहिए तथा समन्वयक के अनुभव के सम्बन्ध में ऐसे प्रतिष्ठित एवं पंजीकृत एन0जी0ओ0/सामाजिक संस्थान में किये गये कार्य का अनुभव ही मान्य होगा, जिन्हें राज्य/केन्द्र सरकार से अनुदान प्राप्त हुआ हो परन्तु राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय स्तर के एन0जी0ओ0 राज्य/केन्द्र सरकार से अनुदान प्राप्त करने के इस प्रतिबन्ध से मुक्त होगें।

मानदेय – 12000/– प्रतिमाह की दर से देय होगा।

कार्य विवरण – चयनित अभ्यर्थी को योजना के अन्तर्गत जनपद स्तर पर परिवर्तन लागत एवं खाद्यान्न की व्यवस्था से सम्बन्धित कार्य, जनपदीय अनुश्रवण समिति की बैठकों से सम्बन्धित कार्य, निदेशालय की मासिक बैठक में प्रतिभाग करना, सभी प्रकार के उपभोग प्रमाण–पत्र, मासिक–त्रैमासिक सूचनाओं तथा मध्यान्ह भोजन से सम्बन्धित अन्य कार्यो को करेंगे। इसके अतिरिक्त समय–समय पर मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक(बेसिक शिक्षा) एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा मध्यान्ह भोजन योजना से सम्बन्धित सौंपे गये अन्य कार्यो का सम्पादन भी करेंगे।

2. पद का नाम : कम्प्यूटर ऑपरेटर (मध्यान्ह भोजन)
पदों की संख्या : 01 (एक) (मण्डलीय कार्यालय हेतु)
आरक्षण : अनारक्षित।

आयु – न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 35 वर्ष तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति के सदस्यों को आयु सीमा में शासन द्वारा अनुमन्य सीमा तक छूट होगी।

न्यूनतम शैक्षिक योग्यता–

1. स्नातक एवं 01 वर्ष का 'ओ' स्तर का कम्प्यूटर एप्लीकेशन का डिप्लोमा।
2. डाटा एन्ट्री प्रोसेसिंग के कार्य का कम से कम 01 वर्ष का अनुभव।
3. अंग्रेजी तथा हिन्दी टाइपिंग का ज्ञान।

मानदेय – 8000/– प्रतिमाह की दर से देय होगा।

कार्य विवरण – चयनित अभ्यर्थी को योजना के अन्तर्गत जनपद स्तर पर मासिक एवं त्रैमासिक सूचनाओं को तैयार कर ई–मेल व ऑनलाइन के माध्यम से प्रेषित करना तथा निदेशालय द्वारा समय–समय पर सूचनाओं के ऑनलाइन प्रेषण सम्बन्धी आवश्यक दिशा निर्देश देने हेतु आयोजित बैठकों में प्रतिभाग करना।

चयन का आधार एवं प्रकिया : जिलाधिकारी महोदया की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा साक्षात्कार के आधार पर।

नोट – उक्त के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय–जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मेरठ से किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क करें अथवा एम0डी0एम0 की वेब साइट www.upmdm.org पर लाग ऑन करें। आवेदन पत्र सम्पूर्ण विवरण एवं संलग्नको सहित रजिस्टर्ड डाक/कोरियर से कार्यालय–जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मेरठ में दिनॉक 30.06.2009 की सायं 5 बजे तक पहुॅच जाने चाहियें।

(गजेन्द्र कुमार)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
मेरठ